# डा0 बी आर0 अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदीशपुरा

## कैथल

## 10 वीं वार्षिक–रिपोर्ट

## शैक्षणिक–सत्र 2016–17

प्रस्तुति

डा0 ऋषि पाल बेदी

प्राचार्य

**व्यावसायिक शिक्षा के लिए समर्पित सरकारी संस्थान**



Scanned by TapScanner

# डा0 भीम राव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदीशपुरा, कैथल।

### 10वीं वार्षिक प्रतिवेदन 2016–2017

शिक्षा किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है। शिक्षा व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करती है। जिस देश की जनता शिक्षित है, वही देश निरन्तर प्रगति करता है। इस विचार के परिणामस्वरूप यह महाविद्यालय जुलाई 2007 में स्थापित हुआ। स्थापना के समय यह महाविद्यालय इस ग्रामीण आंचल में उच्चतर शिक्षा की एक मात्र संस्था थी और अब यह डा0 भीम राव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के नाम से प्रख्यात है। महाविद्यालय ने अपने स्थापना दिवस से अब तक असाधारण प्रगति की है। यहां का विशाल प्रागंण एवम शांतिमय वातावरण विद्या की देवी मां सरस्वती आराधना के लिए सर्वथा उपयुक्त है। महाविद्यालय में बी कॉम, बी बी ए, बी ए एम सी, बी एसी आइटी, बी एस सी सी एस, बी टी एम, बी एस सी नोन मैडीकल, एम एस सी गणित तथा एम कॉम की कक्षाओं में व्यवसायिक अध्ययन सुचारू रूप से हो रहा है।

## अध्ययन –संकायः –

इस समय महाविद्यालय में विद्यार्थियों की कुल संख्या 1042 है। महाविद्यालय में स्वीकृत सभी 32 पदों पर प्राध्यापक कार्य कर रहे है। महाविद्यालय में तृतीय श्रेणी कें कर्मचारियों के सभी 09 स्वीकृत पदों पर कर्मचारी काम कर रहें है। चतुर्थ श्रेणी में 8 पदो पर कर्मचारी कार्य कर रहें है।

## पुस्तकायल एवं वाचनालयः –

शिक्षा के क्षेत्र में पुस्तकालय का विशेष महत्व होता है। समृद्ध पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्था का प्रतिबिम्ब होता है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में में इस समय विभिन्न विषयों की 6620 पुस्तकें उपलब्ध है। इस सत्र के दौरान 2 लाख रूपए की सरकारी सहायता प्राप्त हुई। जिससे विभिन्न विषयों की पुस्तकें खरीदी गई तथा डा0 अम्बेडकर सैल भी स्थापित किया गया महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए वाचनालय की व्यवस्था है। जिसमें विद्यार्थियों के पढने के लिए हिंदी व अंग्रेजी के 14 समाचार पत्र प्रतिदिन आते है। इसके अतिरिक्त 14 प्रकार की विभिन्न विषयों की पत्रिकांए भी पुस्तकालय में आती है। वाचनालय में 150 से अधिक विद्यार्थी एक साथ बैठकर पत्र–पत्रिकाएं पढ सकते है। पुस्तकालय अध्यक्ष श्रीमती संतोष गुप्ता के नेतृत्व में पुस्तकालय का कुशल संचालन किया जा रहा है। इसके लिए वे बधाई की पात्र है।



Scanned by TapScanner

**वाणिज्य एवं प्रबंधन संकायः –**

गत वर्ष में वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के परिणाम बहुत अच्छे रहे हैं। बी बी ए फाईनल का कुल परिणाम 85%, बी कॉम फाईनल का कुल परिणाम 75% रहा जोकि विश्वविद्यालय के इन कक्षाओं के कुल परिणाम से बहुत ज्यादा है। बी कॉम फाईनल में आयकर विषय का परिणाम 99% व वितिय प्रबंधन विषय का परिणाम 99% रहा बी बी ए प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में व्यावसायिक संचार तथा मैटीरियल मैनेजमैट का परिणाम 100% रहा अन्य आठ विषयों के परिणाम 90% से उपर रहें है। इस के लिए वाणिज्य –प्रबंधन संकाय बधाई का पात्र है। बी कॉम प्रथम वर्ष में आए छात्रों के लिए एक सप्ताह का induction course भी चलाया। इस संकाय ने समय–समय पर विभिन्न संगोष्ठीयों के माध्यम से वाणिज्य एवं प्रबंधन के क्षेत्र में आने वाले नये विषयों से अवगत कराया।

**टयुटोरियल ग्रुपः –**

Tutorial Group द्वारा छात्रों व प्राध्यापकों में निकटता लाने में सहायता मिलती है, इसलिए सत्र के प्रारम्भ में महाविद्यालय के छात्र –छात्राओं को टयूटोरियल ग्रुपों की बैठक बुलाई गई जिसके दौरान छात्रों को आवश्यक विषयों पर उचित मार्ग दर्शन एवम दिशा निर्देश दिए गए। प्रत्येक ग्रुप एक प्राध्यापक के निरीक्षण में रखा गया। इन ग्रुपों की बैठक के दौरान छात्रों की व्यक्तिगत समस्याओं को भी जाना जाता है। विद्यार्थियों को आदर्श जीवन मूल्य अपनाने तथा अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। महाविद्यालय की मुख्य टयूटर डा0 नमिता ढाका इस सफल संचालन के लिए बधाई की पात्र है।

## Legal Literacy cell: -

महाविद्यालय के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ में विधि–प्रकोष्ठ कार्यरत है। जो विद्यार्थियों को विधि व्यवस्था के बारे में जानकारी देता है। इस संबंध में समय–समय पर विस्तार –व्याख्यान एवं सेमिनार आयोजित किये जाते है। विधि–प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, वाद–विवाद प्रतियोगिता, कविता पाठ, पेंटिग, नारा–लेखन एवं निबंध–लेखन इत्यादि का जिला स्तरीय प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। जिसमें कैथल जिले के 8 महाविद्यालयों से 75 छात्रों ने भाग लिया। महाविद्यालय के छात्र राकेश BCA-II ने मण्डल स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता अंबाला में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

**राष्ट्रीय सेवा योजना N.S.S.): –**

सेवा धर्म सबसे उत्तम धर्म है। महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के अनुसार तो जरूरतमंद जीवों की सेवा के माध्यम से मानव जीवन के सर्वोतम पुरूषार्थ मोक्ष को भी प्राप्त किया जा सकता है। N.S.S. की गतिविधियों के माध्यम से किसी सर्व कल्याणकारी सेवा धर्म के संस्कारों को स्वंयसेवकों में जगाया जाता है। विद्यार्थियों में सदभावना, सेवा, संगठन, सहयोग की भावना विकसित करने हेतु महाविद्यालय में N.S.S. की युनिट कार्य कर रही है। 2016–2017 के दौरान इस युनिट के द्वारा दो एक दिवसीय कैंप तथा एक सात दिवसीय कैंप आयोजित किया



Scanned by TapScanner

गया। शिविर के दौरान ही स्वय सेवकों की poster making, best out of waste आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस आयोजन में N.S.S. के प्रभारी डा० प्रदीप पोरीया Programm Officer व एन एस एस स्वयं सेवकों का कार्य सराहनीय रहा।

## English Language Lab: –

महाविद्यालय में हरियाणा सरकार के आदेशानुसार English Language Lab की कक्षाओं को अनिवार्य रूप से लागू करने हेतु अत्याधुनिक वातानुकूलित English Language Lab की स्थापना की गई जिसमें 6 कम्प्यूटर तथा एक प्रोजैक्टर है। इसमें महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को फोनेटिक्स, पर्सनेलटी डेवलपमैंट, Language Skills, Interview Skills, Presentation skills, Grammar आदि विषयों पर जानकारी दी जा रही है। लैब में इस वर्ष दो कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। English Language Lab के सफल संचालन के लिए डा० रोजी गुप्ता बधाई की पात्र है।

## पर्यटन विभाग की गतिविधियां: –

पर्यटन विभाग ने अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर भारत के प्रसिद्ध पर्यटक स्मारकों की एक प्रदर्शनी लगाई गई एवं प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। लगभग 8.5 लाख की, महानिदेशक उच्चतर शिक्षा हरियाणा, पंचकूला द्वारा दी गई अनुदान राशि लगा कर महाविद्यालय में एक पर्यटन लैब बनाई गई। आधुनिक उपकरणों से सुस्जिजत इस लैब में 5 कम्प्यूटर एक एल ई डी, एक प्रौजक्ट्र, एक हैंडी कैंम, एक डिजीटल कैमरा, डी वी डी राइटर, फ्लोर टाइलिग, टैक्सचर, ए सी लगाए गये है। पर्यटन विभाग के विद्यार्थियों ने आर्य पी जी महाविद्यालय में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन एक्सपों में सक्रिय भाग तथा 14 छात्राओं ने मनाली मे सहासिक शिविर में भाग लिया। विभाग के सफल संचालन के लिए श्री अनील ललीत बधाई की पात्र है।

## महिला-प्रकोष्ठ :–

राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बंधित विषयों पर व्याख्यान करवाये गए। इसके अतिरिक्त निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर एवं स्लोगन लेखन



Scanned by TapScanner

प्रतियोगिता, कानून जागरूकता शिविर, मैडिकल चैकअप एवं व्याख्यान आदि का भी आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठकी प्रभारी डा0 रोजी गुप्ता का कार्य सराहनीय रहा।

## छात्रवृत्तियां: –

महाविद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को सत्र 2016–17 के आर्थिक मदद के रूप में हरियाणा सरकार द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं के तहत 22 लाख से अधिक की राशि वितरित की गई। महाविद्यालय में अनुसूचित जाति के 201 विद्यार्थियों को मुफ्त किताबे खरीदने के लिए 4 लाख से अधिक की राशि वितरित की गई। सामान्य छात्रवृति में 93400 रूपये की राशि 28 विद्यार्थियों में वितरित की गई।

## कम्प्यूटर शिक्षा : –

महाविद्यालय में हरियाणा सरकार के आदेशानुसार कम्प्यूटर शिक्षा को अनिवार्य शिक्षा के रूप में लागू करने हेतु अत्याधुनिक वातानुकूलित कम्प्यूटर लैब की स्थापना की गई है। जिसमें 110 कम्प्यूटर है। इनमें बी एस सी, बी सी ए, बी कॉम, बी बी ए के सभी विद्यार्थियो को कम्प्यूटर की शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस समय 1042 विद्यार्थी कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त कर रहे है। कम्प्यूटर विज्ञान प्रदर्शनीयों में 59 विद्यार्थियों ने 27 मार्डल प्रस्तुत किये। विभिन्न स्कूलों से आए लगभग 100 विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी को देखा और लाभान्वित हुए। लैबों के सुचारू रूप से संचालन हेतु हरियाणा सरकार द्वारा दो अनुदेशकों एवं एक सहायक की नियुक्ति की गई है। कम्प्यूटर लैब के सफल संचालन के लिए श्रीमती सुनीता अरोड़ा बधाई की पात्र है।

## जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग:–

विभाग के विद्यार्थयों द्वारा आर्य कालेज पानीपत मे आयोजित प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीआरएसयू जींद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मिडिया फैस्ट में क्विज में प्रथम स्थान हासिल किया। मिडिया के क्षेत्र में अनुभवी श्री मति सुखबीर कौर एवं अर्पणा चदेल ने मिडिया के विभिन्न विषयो तथा इस क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों और रोजगार के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी।

## खेल–कूद: –

नवम्बर 2016 में राजकीय महाविद्यालय में खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस में महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं ने बढ़ –चढ़ कर भाग लिया। दो दिवसीय चली इस



Scanned by TapScanner

प्रतियोगिता में कमलेश M.com-II की छात्रा व नवीन B.sc-II के छात्र ने बैस्ट ऐथलिट का खिताब हासिल किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों की भागीदारी सराहनीय रही।

## E-Learning Program: -

महाविद्यालय द्वारा वर्ष 2016–17 में E-Learning Program की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम मे विभिन्न विषयों के व्याख्यान रिकॉर्ड करके Youtube पर महाविद्यालय के अपने चैनेल Dr. B.R. Ambedkar Govt. College Kaithal पर अपलोड किये गये। वाणिज्य, कम्प्यूटर, गणित, टयुरिजम तथा अन्य कई विषयों के कुल 38 लैक्चर रिकॉर्ड हो कर अपलोड हो चुके है। अब तक इस चैनेल के 900 Subscribers हो चुके है तथा 40 हजार से ज्यादा बार देखे जा चुके है। यह चैनेल 110 देशों में देखा जा रहा है। इस पर रूबरू नाम से एक वार्ता श्रृंखला भी शुरू की है जिसके अभी तक दो एपिसोड रिकॉड तथा अपलोड हो चुके है। इस के लिए श्री राजेंद्र अरोड़ा, श्रीमती सुनीता अरोड़ा, श्रीमती इंदु गाब्बा, सुश्री रीमा सधु श्रीमती मीनू गुप्ता, डा0 अभिषेक गोयले, श्री सुशील कुमार तथा अन्य सभी जिन्होने भी लैक्चर रिकॉर्ड किये है बधाई के पात्र है।

## Placement Cell: –

महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के विद्यार्थियों ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र में आयोजित सांझे प्लेसमेंट फेयर में भाग लिया तथा 8 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित पर्यटन कंपनियों में हुआ। विभिन्न विभागों द्वारा समय –समय पर विषयों के ज्ञाता व्यक्तियों द्वारा व्याख्यान भाषण करवाए गए। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित 3 दिन की प्लेसमेंट ट्रैनिंग और 1 दिन के प्लेसमेंट फेयर में महाविद्यालय के 36 विद्यार्थियों ने राजकीय महाविद्यालय सैक्टर –1 पंचकूला में भाग लिया। इस में विभिन्न कंपनीयों द्वारा विद्यार्थियों के साक्षात्कार में 5 विद्यार्थियों का चयन हुआ। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा मनाली में एक साहासिक शिविर में महाविद्यालय की 14 छात्रों ने भाग लिया।



Scanned by TapScanner

**वार्षिक–परीक्षा –**

हमारा महाविद्यालय गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परीक्षा की कसौटी पर खरा उतरा है। सभी कक्षाओं के परिणाम कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र के परीक्षा परिणामों की तुलना में धनात्मक रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों के आधार पर प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाता है। इस सभी कार्यों के लिए श्री जसपाल तुर एवं उनकी टीम के सदस्य बधाई के पात्र हैं।



Scanned by TapScanner

# व्यक्तिगत शैक्षणिक उपलब्धियां



Scanned by TapScanner

**अंग्रेजी विभाग**

डॉ रोजी गुप्ता सहायक प्रोफैसर को अंग्रेजी विषय में मुलाना युनिवर्सिटी से पीएच डी उपाधि से सम्मानित किया गया । इन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से रिफ्रेशर कोर्स तथा राष्ट्रीय सेमीनार में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा आर के एस डी महाविद्यालय में एन एस एस विंग द्वारा आमंत्रित मुख्य वक्ता के तौर पर सम्मानित किया गया।

डॉ सुनील गर्ग सहायक प्रोफेसर ने राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों में तीन शोध पत्र प्रस्तुत किए, एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिय

**कॉमस विभाग**

श्री जसपाल मलिक, सहायक प्रोफेसर ने राष्ट्रीय स्तर की संगोंष्ठियों में चार शोध पत्र प्रस्तुत किये। एक दिवसीय कार्यशाला एवं क सात दिवसीय सकाय विकास कार्यशाला हिस्सा लिया।

श्रीमति सीमा पाण्डे, सहायक प्रोफेसर कॉमर्स ने राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठीयों में चार शोध पत्र प्रस्तुत किए एवं एक दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया।

डॉ. गोपाल कृष्ण, सहायक प्रोफेसर ने राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों में चार शोध पत्र प्रस्तुत किए, एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया तथा एक लघु अवधि कोर्स में भाग लिया।

डॉ कृतिका, सहायक प्रोफेसर ने राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों में तीन शोध पत्र प्रस्तुत किए एवं शोध तकनीक के विषय में एक दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया।

**गणित विभाग**

श्रीमति राजकला सहायक प्रोफेसर ने दो राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों में शोध पत्र प्रस्तुत किए एवं प्रकाशित करवाए।एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया।

डॉ. इन्दु गाबा, सहायक प्रोफेसर ने दो राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों में शोध पत्र प्रस्तुत किए एवं प्रकाशित करवाए।

डा. मीनू गुप्ता सहायक प्रोफेसर ने तीन शोध पत्र अन्तर्राष्ट्रीय संगोंष्ठियों में एवं एक शोध–पत्र राष्ट्रीय सेमिनार में प्रस्तुत किया। एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। मुलाना विश्वविद्यालय में वक्ता के तौर पर अन्तर्राट्रीय सगोंष्ठी में सम्मानित किया गया।

श्रीमति रेणु गुप्ता, सहायक प्रोफेसर ने दो राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों में शोध पत्र प्रस्तुत किए एवं प्रकाशित करवाए।

**जनसचांर एवं पत्रकारिता विभाग**

डा. सुभाष शर्मा जनसचांर एवं पत्रकारिता विभाग ने एक साप्ताहिक कोर्स किया तथा राष्ट्रीय संगोंष्ठियों में दो शोध पत्र प्रस्तुत किये ।

श्री विरेन्द्र सिँह सहायक प्रोफेसर के द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

डॉ. अभिषेक गोयल सहायक प्रोफेसर द्वारा कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से पीएच डी की उपाधि प्राप्त की और दो शोध पत्र राष्ट्रीय संगोष्ठियों में प्रस्तुत किये ।



Scanned by TapScanner

## टयुरिजम विभाग

डॉ एस पी सिंह सहायक प्रोफेसर ने राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों में चार शोध पत्र प्रस्तुत किए, एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया तथा एक लघु अवधि कोर्स में भाग लिया।

डॉ. प्रदीप सिंह सहायक प्रोफेसर ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी में एक शोध पत्र एवं एकशोध पत्र राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी में प्रस्तुत किया।

## कम्प्युटर

सुश्री रीमा संधु, सहायक प्रोफेसर को एक अन्तर्राष्ट्रीय एवं दो राष्ट्रीय संगोंष्ठियों में शोध पत्र प्रस्तुत किये।

सुश्री राधा सिह, सहायक प्रोफेसर कम्प्युटर ने दो राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों में शोध पत्र प्रस्तुत किये।

श्री विरेन्द्र कुमार सहायक प्रोफेसर के द्वारा राष्ट्रीय सेमिनार में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

*Scanned by TapScanner*

आभार –

मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से आज के मुख्य अतिथि श्री कृष्ण कुमार बेदी सामाजिक न्याय एवं अधिकारता राज्य मंत्री हरियाणा का हार्दिक आभार प्रकट करता हूं। श्री ए श्री निवासन, महानिदेशक तथा श्री. महावीर सिंह वितायुक्त उच्चतर शिक्षा विभाग का हृदय से आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने हरियाणा में उच्चतर शिक्षा को एक नई दिशा दी है। मैं सभी पत्रकारों का भी आभार व्यक्त करता हूं जो समय–समय पर महाविद्यालय में होने वाली गतिविधियों को प्रचारित और प्रकाशित करते रहे हैं।

मैं कॉलेज काउंसिल के सदस्यों एवं सभी सहयोगी प्राध्यापकों का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। हरियाणा के इस गरिमामय आदर्श महाविद्यालय की शक्ति प्राध्यापक है। सभी प्राध्यापक अत्यन्त निष्ठावान, लग्नशील एवं आदर्शवान है। मेरे इन सहयोगियों ने शैक्षणिक स्तर को उन्नत करने, विद्यार्थियों को रचनात्मक कार्यों में प्रवृत करने एवं उन्हें सौंपे गए कर्त्तव्यभार को सर्वांगीणता से निभाने में बड़ी कटिबद्धता का परिचय दिया है। यह एक ऐसा सहृदय परिवार व सुयोग्य सचेतन टीम है, जिस पर किसी भी प्रकार की कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी निर्भर रहा जा सकता है। वर्ष भर कार्यरत रहने वाली विभिन्न कमेटियों के संयोजकों एवं प्रभारी प्राध्यापकों का मैं पुनः हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। निःसंदेह इस कर्तव्यपरायण एवं सुयोग्य शिक्षक परिवार पर मुझे गर्व एवं गौरव का अनुभव हो रहा है। तृतीय श्रेणी कर्मचारियों ने कार्यालय तथा लैब का कार्य सुव्यवस्थित रूप से संभाला हुआ है। उनके प्रति भी मैं कृतज्ञ हूं। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के प्रति भी मैं अपना आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने महाविद्यालय के भवन एवं परिसर को स्वच्छ एवं सुवासितं बनाए रखा। मैं अपने प्रिय विद्यार्थियों का भी आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अनुशासन में रहते हुए शिक्षा, खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किए। इन्होंने अपना निर्धारित कर्त्तव्यभार निभाने के साथ–साथ समय –असमय पड़ने वाले आकस्मिक कार्य का संपादन बड़ी तत्परता से किया है।अंत में मैं पुनः आज के इस समारोह में आपकी उपस्थिति एवं आगन्तुकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करना भी अपना पुनीत कर्तव्य समझता हूं।

धन्यवाद।



Scanned by TapScanner